P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 53

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

**चोईथराम मंडी शुल्क लूट में बड़ी कार्रवाई**



पेज-2

**फिल्म 'जेलर 2' में कैमियो करेंगे शाहरुख**



पेज-5

**माहेश्वरी कॉलेज में प्रिंसिपल और प्रबंधन की खींचतान**



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- हरिद्वार गैंगवार में घायल हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की इलाज के दौरान मौत
- बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने कामाख्या मंदिर में दर्शन-पूजन किया
- इंडिगो फ्लाइट कैंसिलेशन विवाद मामले में हाई-लेवल कमेटी ने डीजीसीए को रिपोर्ट सौंपी
- सीएम नीतीश कुमार के काफिले की स्कॉर्पियो ने ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक डीएसपी को मारी टक्कर
- प. बंगाल में आज से शुरू हो रहा एसआईआर का दूसरा चरण
- पीएम मोदी आज और कल दिल्ली में मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 से 30 दिसंबर तक गोवा, कर्नाटक और झारखंड के दौरे पर रहेंगी
- अयोध्या में राम मंदिर के दो साल का जश्न आज से
- झारखंड : 27-31 दिसंबर तक 12वीं क्लास तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे
- समाजवादी पार्टी ने बीएमसी चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की

### प्रदेश की 23 विधानसभा सीटों से 13 लाख वोटर्स साफ, सीएम सहित 5 मंत्री भी शामिल

# वीआईपी सीटों पर एसआईआर से बदला समीकरण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में एसआईआर का ड्राफ्ट प्रकाशन जारी होने के साथ साफ हो गया है कि प्रदेश की किस विधानसभा सीट से कितने मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। मध्यप्रदेश की गोविंदपुरा विधानसभा सीट पर बीजेपी ने लगातार जीत का रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन अब इस सीट पर प्रदेश में सबसे ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। गोविंदपुरा सीट से 97 हजार 52 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा हैं।

इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर चुनते आए हैं, जबकि अभी यहां उनकी पुत्रवधु और मंत्री कृष्णा गौर का चुनाव क्षेत्र है। यह जानकारी चुनाव आयोग की एसआईआर की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट की प्रारंभिक प्रारूप के आंकड़ों के विश्लेषण से मिली है।

एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची जारी होने के बाद प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों में 23 विधानसभा सीटों पर 35 हजार से लेकर 97 हजार तक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इन 23 सीटों पर कुल 13 लाख 9648 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इन 23 सीटों में से 18 विधानसभा सीटें पर बीजेपी विधायक और मंत्री हैं। इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित 5 मंत्री शामिल हैं। भोपाल की गोविंदपुरा विधानसभा सीट के बाद सबसे ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे जाने वाली विधानसभा इंदौर की 5 नंबर है, जहां से बीजेपी विधायक महेन्द्र हार्डिया हैं। इस सीट पर 87 हजार 591 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। उधर सबसे कम नाम नीमच जिले की मनासा विधानसभा सीट पर कटे हैं। यहां एसआईआर की ड्राफ्ट सूची से 5485 नामों को हटाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विधानसभा सीट से 37 हजार 728 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सीट छिंदवाड़ा से 21 हजार 981 मतदाताओं के नाम एसआईआर में हटाए गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की विधानसभा सीट राउ से 54 हजार 415 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। कांग्रेस विधायक और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की गंधवानी सीट से 14 हजार 712 नाम मतदाताओं के हटाए गए हैं।



### 4 मंत्रियों के क्षेत्र में कटे सबसे ज्यादा नाम

SIR की प्रारूप मतदाता सूची में सभी 230 विधानसभा सीटों का अध्ययन करने से सामने आया है कि सबसे ज्यादा मतदाताओं के नाम 4 मंत्रियों की विधानसभा सीटों में कटे हैं। इसमें नंबर एक पर भोपाल की गोविंदपुर विधानसभा सीट है। इस सीट से कृष्णागौर मंत्री हैं। गोविंदपुरा से 97 हजार 52 नाम हटाए गए हैं। नरेला विधानसभा से विश्वास सारंग मंत्री हैं। इस सीट से 81 हजार 235 नाम हटाए गए हैं। इंदौर की इंदौर 1 से कैलाश विजयवर्गीय मंत्री हैं। इस सीट से 75 हजार 14 नाम हटाए गए हैं। ग्वालियर से विधानसभा सीट से 55 हजार 653 नाम हटाए गए हैं। इस सीट से प्रद्युम्न सिंह मंत्री हैं

# नव वर्ष बरसाएगा सौभाग्य, पहले दिन से ही बन रहा शुभ संयोग

### साल के पहले दिन प्रदोष और गुरुवार भी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कुछ ही दिनों बाद अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत शुभ संयोग के साथ हो रही है। 1 जनवरी को कई योग बन रहे हैं, जो धार्मिक दृष्टि से बहुत ही शुभकारी रहेगा। ऐसे में नए साल के दिन इन कार्यों को करने से पूरे साल सुख, सौभाग्य और समृद्धि की वर्षा होगी।

नए वर्ष 2026 की शुरुआत गुरुवार से हो रही है। 1 जनवरी को जहां पूरी दुनिया नया साल मनाएगी, वहीं इस दिन साल 2026 का पहला प्रदोष व्रत भी रखा जाएगा। तो 1 जनवरी 2026 को गुरु प्रदोष है। प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। इसके अलावा नए साल के दिन रोहिणी नक्षत्र और रवि योग का संयोग भी बन रहा है। इसके अलावा पहली जनवरी को धनु राशि में सूर्य, बुध, मंगल और वैभव के कारक शुक्र मौजूद रहेंगे। इन सभी शुभ संयोग की वजह से ही नया साल बेहद खास और मंगलकारी रहेगा।




### नए साल के पहले दिन करें ये काम

- नए साल के पहले दिन गरीब और जरूरतमंदों को अन्न, धन और वस्त्र समेत अन्य जरूरी वस्तुओं का दान करें। ऐसा करने से देवता प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा आपके घर- परिवार पर सदैव बनी रहती है।
- 2026 के पहले दिन यानी 1 जनवरी को देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करें। संभव हो तो मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करें। पूजा-पाठ के साथ नए साल की शुरुआत करने से पूरे वर्ष जीवन खुशहाल रहता है।
- 1 जनवरी 2026 को प्रदोष व्रत भी है इसलिए इस दिन भगवान शिव की पूजा कर शिवलिंग का जलाभिषेक करें। भोलेनाथ को बेलपत्र, दूध, फल, फूल और मिठाई अर्पित करें। ऐसा करने से महादेव की कृपा हमेशा बनी रहेगी और पूरे साल सब शुभ होगा।
- नए साल के दिन भगवान गणेश, विष्णु और माता लक्ष्मी की भी उपासना जरूर करें। ऐसा करने से आपके घर में सदैव समृद्धि, संपन्नता और शांति बनी रहेगी।

# जबलपुर विश्वविद्यालय परिसर में दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना, लिपिक गिरफ्तार




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर** • मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में एक 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में विश्वविद्यालय में पदस्थ एक शासकीय लिपिक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ने शैक्षणिक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान दुर्गा शंकर सिंगरहा (58) के रूप में हुई है, जो विश्वविद्यालय में अपर श्रेणी लिपिक के पद पर पदस्थ है। आरोप है कि उसने युवती को नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर विश्वास में लिया और दस्तावेज़ सत्यापन के बहाने अपने कक्ष में बुलाया। इसी दौरान उसने कथित रूप से युवती के साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस के अनुसार, घटना के समय एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा कक्ष को बाहर से बंद किए जाने का भी आरोप है, जिससे पीड़िता बाहर निकलने में असमर्थ रही। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्परता से मामला दर्ज कर आरोपी सहित संबंधित कर्मचारी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

यह घटना न केवल प्रशासनिक तंत्र की संवेदनशीलता पर प्रश्न उठाती है, बल्कि सभी विश्वविद्यालय परिसरों ओर शैक्षणिक संस्थानो में महिला सुरक्षा को लेकर ठोस और प्रभावी उपाय किए जाने की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करती है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खंडवा जिले में जल संरचनाओं को लेकर सामने आए फर्जी आंकड़े, जमीन पर नहीं मिला कुछ भी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खंडवा/भोपाल** • इस अवॉर्ड की हकीकत ये है कि नाले और खेत में तालाब होना बता दिया है। जल संचय के लिए पुराने स्टाप डेम पर पाल बना दी। एमपी के खंडवा जिले को सबसे ज्यादा जल संरचनाओं के निर्माण और संरक्षण के उत्कृष्ट कामों के लिए जो पहला पुरस्कार मिला है, दरअसल वो इस साल का सबसे बड़ा सरकारी झूठ है। प्रशासन ने जिन तालाबों, डक वैल और स्टॉप डैम के निर्माण का दावा किया वो हकीकत में जमीन पर मौजूद ही नहीं है।

जब इस पूरे मामले की पड़ताल की तो पाया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पाने के लिए खंडवा जिला प्रशासन ने न केवल पोर्टल पर फर्जी आंकड़े अपलोड किए बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर फर्जी फोटो बनाकर बताया कि काम पूरा हो चुका है। भास्कर ने जब खंडवा कलेक्टर से इस फर्जीवाड़े को लेकर बात की तो उन्होंने कहा कि शिकायत हो तो मामले की जांच करा लेंगे।

11 नवंबर को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार का ऐलान किया था। जिसमें खंडवा जिले को सबसे ज्यादा जल संरचनाओं के निर्माण और संरक्षण के लिए पहला पुरस्कार दिया गया। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा ने 18 नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ये पुरस्कार हासिल किया था। खास बात ये है कि खंडवा के इस दावे पर लोकसभा में सांसदों ने भी सवाल उठाए हैं। जलशक्ति मंत्रालय से सवाल पूछा है कि खंडवा में किस तरह से जल संरचनाओं का काम किया है और इसकी कैसे मॉनिटरिंग हो रही है? आखिर किस तरह से खंडवा प्रशासन ने आंकड़ों में हेराफेरी कर ये पुरस्कार हासिल किया और कैसे इसकी पोल खुली?

**खंडवा जिला प्रशासन का दावा**-जब 6वें नेशनल वाटर अवॉर्ड का ऐलान हुआ और खंडवा को जल संचय और जन भागीदारी पहल में पहला स्थान मिला, तो कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने खुद की पीठ थपथपाते हुए बताया था कि खंडवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसके लिए खंडवा जिले को 2 करोड़ रुपए का पुरस्कार मिला है।

- प्रशासन की तरफ से बताया कि जल संरक्षण के लिए 1 लाख 29 हजार 46 काम प्रस्तावित किए गए थे। उनमें से केवल 26 काम पूरे नहीं हुए बाकी सारे काम पूरे कर लिए गए हैं। साथ ही खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर में जल संरक्षण के लिए जो काम किए गए उसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार के लिए कावेश्वर पंचायत का चयन किया गया है। इसके लिए 1.50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

## शेष बचे 05 दिन... साल 2025 की यादें होगी ताजा 'दैनिक इंदौर संकेत' के साथ



**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत।** अक्टूबर 2025 में महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत दौरे पर इंदौर आई ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ अभद्र व्यवहार (अनुचित स्पर्श और यौन उत्पीड़न) की शिकायतें दर्ज हुई थीं, जिस पर पुलिस ने बीसीसीआई की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया था और यह घटना काफी चर्चा में रही थी।

**सियासत** | पार्टी की लाज बचाने मुट्ठीभर कांग्रेसी पहुंचे ताकत दिखाने

# कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू के सामने भीड़ नहीं जुटा पाए वानखेड़े

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

मध्यप्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी उषा नायडू इंदौर पहुंची थी, उन्हें इंदौर का संभाग प्रभारी बनाया, लेकिन उनके इंदौर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष वानखेड़े के साथ जिले के मुट्ठीभर कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। जिले में नौ विधानसभा है, लेकिन शहर तो ठीक गांव से भी वानखेडे भीड़ नहीं जुटा पाए, क्योंकि उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस में भारी विरोध है। उसके पहले सचिन पायलट भी इंदौर आए थे। उन्हें लेने के लिए एयरपोर्ट पर कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा था। कांग्रेस अभी सत्ता में नहीं है, उसके बावजूद भी नेताओं में लगातार आपसी मनमुटाव सामने आ रहा है। पटवारी एंड कंपनी किसी को आगे आने नहीं देना चाहती, क्योंकि पटवारी चाहते हैं इंदौर का काम मेरे हिसाब से हो और इसी हिसाब के चक्कर में इंदौर को गलत जिला अध्यक्ष दे बैठे, उसका भुगतान महू, सांवेर, देपालपुर के कार्यकर्ता कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि उषा नायडू के पास जो भीड़ पहुंची थी, वह केवल वानखेड़े के खास कार्यकर्ता थे, जो उनका काम संभाल रहे हैं, जिसका जिक्र अब दिल्ली दरबार में भी होगा। पहले भी दिल्ली दरबार में वानखेड़े की क्लास लग चुकी है, लेकिन मुट्ठीभर कांग्रेसियों के भरोसे वानखेडे इंदौर जिले के कार्यकर्ताओं का दिल जीतना चाहते हैं, लेकिन ऐसा संभव नहीं है, क्योंकि वह खुद 12 साल से आगर-मालवा में राजनीतिक कर रहे थे, वहां भी कार्यकर्ताओं की अनदेखी से वानखेड़े चुनाव हारे हैं। सूत्रों से पता चला है कि मध्यप्रदेश के चार जिला अध्यक्ष को बदलने की कवायद चल रही है, जिसमें इंदौर का नाम भी शामिल है। यह आग बहुत पहले लग चुकी थी, लेकिन जीतू पटवारी अपनी साख बचाने के लिए अभी परिवर्तन नहीं होने दे रहे हैं, लेकिन पार्टी के आलाकमान नेता चाहते हैं कि जिन जिला अध्यक्ष को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ था, उन्हें बदलना चाहिए। हो सकता है ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के बाद जिले का परिवर्तन हो जाए, इससे स्पष्ट पता चलता है कि वानखेड़े जिला अध्यक्ष रहे तो बची हुई कांग्रेस की नैय्या डुबो देंगे।



न्यूज ब्रीफ

## जोरावर सिंह और फतेह सिंह के जन्म दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी की शहादत की याद में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी श्रंखला में शुक्रवार को इंदौर जिला अतंर्गत मिशन वात्सलय के तहत संचालित बालगृहों, शिशु गृहों, खुला आश्रयगृह, संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह बालक/बालिका के साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों, वन स्टाप सेन्टर, बाल कल्याण समिति आदि में भी वीर बाल दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बतायाकि वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं एवं आंगनवाडी केन्द्रो पर कहानी सुनाना, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाना आदि जैसी रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गई।

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर आयुक्त श्री तरूण भटनागर, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना एम. लोवंशी, नगर तथा ग्राम निवेश इंदौर के सहायक संचालक श्री सारंग गुप्ता, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग के उप पंजीयक श्री श्याम नारायण शुक्ला एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में संभाग के भूमि आवंटन करने के संबंध में चर्चा हुई।

## त्योहारों का जश्न, सेहतमंद अंदाज़ में: डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस नए साल, अपने जश्न में गर्माहट और लाड़-प्यार का स्वाद जोड़ें डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक के साथ, जिसमें बादाम का आटा, गहरी डार्क चॉकलेट, ताज़ा संतरे का ज़ेस्ट और मेपल सिरप शामिल हैं। शेफ कविता सिंह द्वारा ध्यानपूर्वक तैयार की गई यह रेसिपी त्योहारों के स्वाद और सोच-समझकर बेकिंग के बीच संतुलन बनाती है। घी और अंडे से बेक किया गया, और बादाम के आटे से बना यह केक, रिच चॉकलेट-सिट्रस फ्लेवर के साथ नरम और नमी वाला होता है। यह साल के आखिर में एक पौष्टिक और मज़ेदार डेज़र्ट है जिसे बनाना आसान है, शेयर करने के लिए एकदम सही है, और फेस्टिव बेकिंग का एक मॉडर्न रूप है। त्योहारों में खाने के विषय पर अपनी राय साझा करते हुए, मैक्स हेल्थकेयर की रीज़नल हेड - डायटेटिक्स, रितिका सामद्दार कहती हैं, 'त्योहारों का खाना हमेशा अधिकता या समझौते का मतलब नहीं होता।

## इंडिया इंस्टामार्टेड का पांचवां संस्करण जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस साल इंदौर की क्विक-कॉमर्स शॉपिंग की कहानी में बार-बार की खरीदारी और महत्वाकांक्षा दोनों का संगम था। भारत के प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपनी सालाना रिपोर्ट इंडिया इंस्टामार्टेड का पांचवां संस्करण जारी किया है। यह रिपोर्ट बताती है कि इंदौर के सबसे बड़े खरीदार ने इंस्टामार्ट पर पूरे साल में 6.4 लाख रुपये से अधिक खर्च किए। इंदौरियों ने केरल स्टाइल के केले के चिप्स सबसे अधिक बार ऑर्डर किए। वहीं महंगी खरीदारियों में प्रीमियम स्मार्टफोन से लेकर और बहुत कुछ है। इसी दौरान, इंदौर ने रोज़ाना की स्नैकिंग, फिटनेस-प्रेरित खरीदारी और तकनीकी अपग्रेड पर भी काफी जोर दिया गया, जो दिखाता है कि क्विक कॉमर्स अब कभी-कभार की जरूरत नहीं बल्कि रोज़ाना शॉपिंग की आदत बन गई है।

### महापौर की अध्यक्षता ने स्मार्ट सिटी कार्यालय पर बैठक का आयोजन

# इंदौर को स्वच्छता में 9 वीं बार नंबर 1 बनाने की तैयारी शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्मार्ट सिटी कार्यालय में शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें निगम आयुक्त दिलीप यादव सहित सभी एमआईसी मेम्बर, विभागीय अधिकारीऔर स्वच्छ भारत मिशन की टीम शामिल रही। बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा आगामी सर्वेक्षण की नई गाइडलाइन पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अभी से मैदान में उतरने के लिए कहा गया।



**डॉग वॉकर्स पर कार्रवाई करें**

बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर पानी बहाने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि गंदगी न फैलें। स्वच्छता को लेकर अभी से माहौल बनाते हुए जनजागरूकता अभियान तेज किए जाएं। मेजर सड़कों पर जहां खुदाई प्रस्तावित है वह कार्य एक-दो माह में पूरा कर लिया जाए। शहर के रेड स्पॉटस को खत्म करने के लिए विशेष अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले डॉग वॉकर्स पर चालानी कार्रवाई करने और भवन निर्माण कार्यों में बायलॉज का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए।

**जन-आंदोलन बनाना होगा**-महापौर भार्गव ने कहा कि अब लक्ष्य नौवीं बार नंबर-1 बनने का है। इसके लिए स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बनाना होगा। खास बात यह है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर के साथ देपालपुर को भी स्वच्छता जोड़ी के रूप में शामिल किया गया है, जिससे जिम्मेदारी और बढ़ गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण का यह 10वां संस्करण होगा। इस बार थीम रखी गई है 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ'। इस प्रतियोगिता में देशभर के 4909 शहर इस सर्वेक्षण में भाग ले रहे हैं।

**महापौर ने किया दल का स्वागत**-शहर के स्वच्छता और नवाचार मॉडल को देखने-समझने के उद्देश्य से हुबली (कर्नाटक) से महापौर ज्योति विनय पाटिल, उप महापौर संतोष चैहान, आयुक्त रुद्देश एस. घाली, उपायुक्त शंकरानंद बानाशंकारी के साथ 55 सदस्यीय दल इंदौर की सफाई देखने आए। दल द्वारा महापौर से स्मार्टसिटी आफिस में सौजन्य भेंट कर चर्चा की गई। वहीं शहर का दौरा कर दल ने इंदौर की स्वच्छता, जनभागीदारी और स्मार्ट सिटी योजनाओं की सराहना की।

हुबली के दल ने स्मार्ट सिटी कार्यालय, विभिन्न कचरा प्रबंधन स्थलों, नो कार डे गतिविधियों और इंदौर की इनोवेटिव परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अंत में स्मार्टसिटी कार्यालय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव से प्रतिनिधिमंडल की भेंट हुई। इस अवसर पर महापौर ने दल का पारंपरिक अंगवस्त्र और ननि द्वारा प्रकाशित नागरिक पत्रिका भेंट कर स्वागत किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हुबली के दल को बताया कि इंदौर की सफलता का मूल मंत्र है जनभागीदारी, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय, निरंतर नवाचार और नागरिक चेतना। उन्होंने कहा कि इंदौर में न केवल औद्योगिक एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्थाएं हैं, बल्कि पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देशों को भी कड़ाई से लागू किया गया है। प्रेजेन्टेशन के माध्यम से इवैलुएटिव मैकेनिज्म, रिसोर्स मैनेजमेंट और नवाचारों की जानकारी दी गई।

### जनप्रतिनिधियों और एनजीओ की भूमिका अहम

महापौर ने बताया कि स्वच्छता के इस अभियान में एनजीओ और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सेतु के समान है। कचरा पृथक-पृथक 6 कचरा बिन में देना और कचरे का निपटान करना इन्दौर की सफाई का मूल मंत्र है।

### ऊर्जा संरक्षण के अनूठे प्रयोग

प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि नागरिकों को इलेक्ट्रिसिटी सेविंग के लिए प्रेरित कर इंदौर ने सिर्फ दो महीने में 1.5 करोड़ यूनिट बिजली की बचत की, जो लगभग 18 हजार वयस्क पेड़ों के बराबर है। यह नवाचार शहर को ग्रीन एनर्जी की ओर ले जा रहा है। शहर की अबोहवा के लिये इन्दौर में एक दिन में 12 लाख 40 हजार पौधे लगाए गए, साथ ही 31 हजार घरों की छत पर सोलर से बिजली उत्पादन हेतु सोलर पैनल लगाए गए। इसके साथ ही महापौर ने ननि की आय वृद्धि, नागरिकों, जन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी के बारे में भी चर्चा की। प्रतिनिधियों ने कहा कि इंदौर जैसे मॉडल से वे सीख लेकर अपने शहरों में भी इस तरह की योजनाएं लागू करेंगे। उन्होंने माना कि इंदौर का जनसहयोग और प्रशासनिक निष्पक्षता अन्य नगर निकायों के लिए प्रेरणा है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) राजेन्द्र शुक्ल और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने, रोगी संतुष्टि बढ़ाने और प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यापक चर्चा कर निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने दवाओं के कड़े नियमन पर बल देते हुए निर्देश दिए कि निर्माण से लेकर वितरण तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि दवाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने रोगी संतुष्टि, नियामक अनुपालन तथा पर्यवेक्षण को मिशन मोड में लेने पर जोर दिया।

फ्री ड्रग्स एवं फ्री डायग्नोस्टिक्स योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और निगरानी में मौजूद कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवा एवं डायग्नोस्टिक खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, लॉजिस्टिक्स और जवाबदेही बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा



आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक्स एवं समय पर जांच प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और इन्हें प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर पर और सशक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं नियामक अनुपालन के लिए पेशेवर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए रक्तकोष, अस्पताल प्रणालियों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के सुदृढ़ नियमन के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि टेलीमेडिसिन को दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इसे नियमित स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली में और अधिक एकीकृत करने के निर्देश दिए।

# तीन इमली चौराहा का करेंगे सौंदर्गीकरण निगम आयुक्त ने किया झोन क्र. 18 वार्ड 64 का निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव द्वारा झोन क्र. 18 के अंतर्गत वार्ड 64 के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद मनीष शर्मा मामा, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, झोनल अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा नवलखा चौराहा, तीन इमली चौराहा एवं आसपास के क्षेत्र कालोनी का अवलोकन किया गया।



उन्होंने तीन इमली चौराहे पर प्रस्तावित सौंदर्याकरण एवं विकास कार्यों के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की दृष्टि से नेमावर से इंदौर की ओर आने वाले तथा आईटी चौराहे की ओर जाने वाला लेफ्ट टर्न चौड़ा करने के कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान तीन इमली चौराहे के समीप स्थित एक निजी खुले परिसर में बस पार्किंग के दौरान गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध हैवी स्पॉट फाइन के निर्देश दिए। इसके पश्चात निगम आयुक्त द्वारा तीन इमली चौराहा श्मशान घाट के पास स्थित नाले का निरीक्षण किया गया।

**कई कार्य प्रारंभ करने के निर्देश**-उन्होंने नाले की शेष भाग में रिटेनिंग वॉल, पिचिंग कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि बारिश में जलभराव एवं क्षति की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही श्मशान घाट के समीप स्थित खाली भूमि पर किए गए अवैध कब्जे हटाकर वहां श्मशान घाट के लिए पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश भी दिए। उक्त खुली जमीन पर मुक्तिधाम में आने-जाने के लिए मुख्य मार्ग पर से जाली हटाकर गेट लगाकर आवागमन के गाड़ियों के अंदर आने के लिए रास्ता बनाने, गेट पर भूमि निगम स्वामी का बोर्ड लगाने तथा श्मशान घाट पास स्थित नाले पर रिटेनिंग वॉल के साथ फेसिंग करने के भी निर्देश दिए गए।

# चोईथराम मंडी शुल्क लूट में बड़ी कार्रवाई, 6 अधिकारियों पर गिरी गाज, वेतनवृद्धि भी रोकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चोईथराम फल-सब्जी मंडी में वर्षों से जारी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई की है। बोर्ड की सख्त जांच में दोषी पाए गए छह सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) को फल-सब्जी मंडी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इन सभी को अनाज मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है और दंड स्वरूप एक से दो वार्षिक वेतनवृद्धियां भी रोकी गई हैं। मंडी बोर्ड ने स्पष्ट आदेश दिया है कि भविष्य में इन अधिकारियों की नियुक्ति कभी भी फल-सब्जी मंडी में नहीं की जाएगी।

**आयुक्त के औचक निरीक्षण में खुली पोल**-चोईथराम सब्जी मंडी में मंडी शुल्क वसूली में धांधली की शिकायतों के बाद, 8 अप्रैल को राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आयुक्त एवं सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान मंडी में बड़े पैमाने पर अव्यवस्थाएं उजागर हुईं, जिसने पूरे मंडी प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया। जांच में पाया गया कि सीसीटीवी कैमरे




जानबूझकर बंद रखे गए थे, शुल्क संग्रह कर्मचारियों पर कोई निगरानी नहीं थी और रसीद व जमा राशि के बीच भारी अंतर था।

**दोषी पाए गए अधिकारियों पर गिरी गाज**-विस्तृत जांच, कारण बताओ नोटिस और व्यक्तिगत सुनवाई के बाद विष्णु राठौर, राजू कुवाल, कैलाश अहिरवार, सतीश टोंकवाल, राजेश बुंदेला और नंदलाल पंढरा को भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया। आयुक्त के आदेश पर इन सभी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मंडी सचिव रामवीर किरार ने पुष्टि की है कि इन अधिकारियों को अन्य अनाज मंडियों में पदस्थ किया गया है और उनके विरुद्ध विभागीय दंड की कार्रवाई की गई है।

### जांच में सामने आईं ये प्रमुख कमियां

- राशि की हेराफेरी : शुल्क वसूला गया, लेकिन शासन के कोष तक नहीं पहुंचा।
- रसीद में खेल : वाहनों से नगद वसूली हुई, पर रसीदें नहीं दी गईं।
- सीसीटीवी से छेड़छाड़ : कैमरे जानबूझकर बंद रखे गए या उन्हें गलत दिशा में घुमा दिया गया।
- नियमों का उल्लंघन : ई-मंडी नियमों और आवक पंजियों के संधारण का पालन नहीं किया गया।

**नगद वसूली और राजस्व को भारी चपत**-आयुक्त की जांच में यह भी सामने आया कि वाहनों से नगद राशि वसूलने के बावजूद रसीदें जारी नहीं की गईं। आवक पंजियों का संधारण नहीं किया गया और ई-मंडी व्यवस्था को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। इस धांधली के कारण शासन को भारी राजस्व का नुकसान हुआ, जबकि किसानों से पूरा शुल्क वसूला गया। यह सीधा-सीधा किसानों और शासन, दोनों के साथ धोखाधड़ी का मामला था।




# दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 'एक मुट्ठी अनाज' नामक एएफएस पहल को अपनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वार्थ से भरी इस दुनिया में, दया और करुणा के छोटे-छोटे सच्चे प्रयास ही मानवता में हमारा विश्वास बनाए रखते हैं। इसी भावनात्मक सोच के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 'एक मुट्ठी अनाज' नामक एएफएस पहल को अपनाया, जिसका उद्देश्य नन्हे मनों में करुणा, सहानुभूति, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। इस सशक्त विचार को आत्मसात करते हुए कि हर घर से एक मुट्ठी अनाज पूरी दुनिया का पेट भर सकती है, कक्षा तृतीय से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने इस पुनीत अभियान में पूरे उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों ने चावल, दाल, सोया, चना, चीनी, ड्राई फ्रूट्स एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री एकत्रित की। इस पहल की विशेषता इसकी मात्रा नहीं, बल्कि वह भावना थी—किसी और की भूख को अपनी सुविधा से पहले समझने का संवेदनशील प्रयास। संग्रहित खाद्यान्न निराश्रित सेवाश्रम, इंदौर—एक वृद्धाश्रम—को भेंट किए गए, जिससे वहाँ रहने वाले बुज़ुर्गों को पोषण के साथ-साथ स्नेह, सम्मान और अपनापन भी मिला।

# बकाया बिजली बिल के भुगतान का आग्रह करने पर मीटर रीडर के साथ हुई मारपीट की घटना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बिजली बिल बकाया के भुगतान का आग्रह करने गए मीटर रीडर (उप निरीक्षक) के साथ बिजली उपभोक्ताओं ने मारपीट की। उक्त आरोप लखन पिता रमेश मालवीय ने दो बिजली उपभोक्ताओं के विरूद्ध लगाया। उक्त आवेदन के आधार पर चंदन नगर पुलिस थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। बताया गया कि लखन पिता रमेश मालवीय निवासी डी प्रजापत नगर मीटर रीडर (उप निरीक्षक) के पद पर पदस्थ है। सिरपुर जोन मध्य शहर संभाग के सहायक यंत्री श्री राजेश गुप्ता के निर्देशानुसार मीटर रीडर (उप निरीक्षक) बकाया बिल वसूली के लिए 15 न्यू गाँधी पैलेस कॉलोनी निवासी सिद्दीक खान पिता सलीम खान के घर बकाया बिजली बिल भुगतान का आग्रह करने के लिए गए थे। उपभोक्ता सिद्दीक खान और उनके भाई अनवर खान ने मीटर रीडर (उप निरीक्षक) लखन मालवीय के साथ बदसलूकी की और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों आरोपियों ने कहा कि यदि तुम मेरे अन्य बिजली कनेक्शन काटोंगे तो मैं तुम्हें बदनाम कर दूंगा। आरोपियों के 6 अन्य बिजली कनेक्शन भी है, जिनका बिल बकाया है। मीटर रीडर (उप निरीक्षक) लखन मालवीय के शिकायत आवेदन पर चंदन नगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया गया है।



# अटल काव्यांजलि में साहित्य और राष्ट्रभाव का संगम राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन 'अटल अलंकरण' से सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर गुरुवार सायं पाटनीपुरा चौराहा, इंदौर में 'अटल काव्यांजलि - अखिल भारतीय कवि सम्मेलन' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह काव्य संध्या अटल जी के विचारों, राष्ट्रभाव, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को समर्पित रही, जहाँ कविता के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का भावपूर्ण स्मरण किया गया। हास्य, वीर रस, राष्ट्रप्रेम और समसामयिक विषयों से सजी कविताओं ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि के रूप में राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन को 'अटल अलंकरण' से सम्मानित किया गया।

# सेंधवा जनपद पंचायत में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का सफल आयोजन,घर-घर पहुंचा प्रशासन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बड़वानी जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में इंदौर संभाग के बड़वानी जिले के सेंधवा जनपद पंचायत की 46 पंचायतों में शुक्रवार को क्लस्टर अनुश्रवण शिविर आयोजित किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाना एवं इन शिविरों में बैंकिंग, राजस्व और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का तत्काल निराकरण किया गया। बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार और कृषि ऋण की सुगमता शिविरों में के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। कृषि साख सुविधा- ग्राम पंचायत कुंडिया में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति द्वारा श्री बाथू रेमलाल का खाता खोलकर उन्हें पासबुक एवं चेकबुक प्रदान की गई। इससे उन्हें अब खाद, बीज और नकद ऋण प्राप्त करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तत्काल बैंकिंग सेवा- नादला किशन सेनानी को एक ही छत के नीचे नया खाता, डेबिट कार्ड और डीबीटी की सुविधा प्रदान की गई। सरकार की डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना को प्रभावी बनाने हेतु नए खाते खोले गए। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक- ग्राम पंचायत धामन्या में श्री दिनेश डावर का इंडिया पोस्ट के माध्यम से नया खाता खोला गया। इन खातों को तुरंत डीबीटी से जोड़ा गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

### न्यूज ब्रीफ

## भक्ति के बीज बचपन में ही डालें, पचपन में नहीं : पं. शास्त्री

**इंदौर** • भक्ति किसी भी रूप में हो, उसका प्रतिफल अवश्य मिलता है। विडम्बना है कि हमें वृद्धावस्था में ही भक्ति का जोश और जज्बा चढ़ता है, जब हमारे शरीर की इन्द्रियां कमजोर हो जाती हैं। यदि बाल्यकाल से ही भक्ति के संस्कार मिलें, तो वृद्धावस्था संवर जाएगी। भक्ति के बीज बचपन में डालें, पचपन में नहीं। भक्ति में निष्काम भाव होना चाहिए। भक्ति के नाम पर पाखंड या प्रदर्शन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकता। कलियुग में पाखंड और प्रदर्शन का ही बोलबाला चल रहा है ये प्रेरक विचार हैं भागवत भूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री के, जो उन्होंने लोहारपट्टी स्थित श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर पर हंसदास मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में बालक ध्रुव की भक्ति एवं वामन अवतार प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए।

## शीतलनाथ जैन मंदिर के ट्रस्टी अमृत मूणत का न्यासी मंडल द्वारा सम्मान

**इंदौर** • द्वारकापुरी, हवा बंगला मेनरोड स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ न्यासी अमृत मूणत को भाजपा जिला धार के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर न्यास की ओर से सभी सदस्यों ने मंदिर उपाश्रय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में शॉल, श्रीफल एवं समाज के प्रति किए गए सेवा कार्यों का प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया।

## अग्रवाल सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने पंचकुईया राम मंदिर पहुंचकर किए विभिन्न सेवा कार्य

**इंदौर** • पंचकुईया स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर पर श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के साथियों ने आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, राजेश बंसल पंप, किशोर गोयल, नारायण-नरेश अग्रवाल 420 पापड़ वाले एवं गोपाल अग्रवाल दया के आतिथ्य में गौसेवा, संत सेवा एवं बटुक ब्राह्मण सेवा की त्रिवेणी का आयोजन भी किया और वेदपाठी बटुकों को कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गर्म ऊनी वस्त्रों का वितरण एवं संत मंडली का सम्मान भी किया। इस अवसर पर नंदानगर अग्रवाल सांस्कृतिक मंच की ओर से अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अरुण गोयल, अश्विन गोयल, विनोद गोयल, शिवनारायण अग्रवाल एवं शरद अग्रवाल सहित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने मंच की गतिविधियों का ब्यौरा दिया।

# शादी की खबर से दीपक जोशी की राजनीति खतरे में, भाजपा ने पार्टी का सदस्य मानने से किया इनकार

**भोपाल (एजेंसी)** • पूर्व मंत्री दीपक जोशी का पत्नी त्रिकोण मामला जल्द शांत होता नहीं दिख रहा है। अब उनकी पत्नी होने का दावा करने वाली कांग्रेस नेत्री पल्लवी राज सक्सेना का एक नया वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात को बनाए गए इस वीडियो में वे भोपाल के नेहरू नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में खड़ी हैं।

किसी व्यक्ति ने ये लिखा है कि दीपक जोशी और मेरा विवाह अवैधानिक है। मैंने यहां आर्य समाज मंदिर, नेहरू नगर में आकर यहां के संस्थापक विजय आर्य जी से पूछा है तो उन्होंने मुझसे कहा कि यह एक लीगल संस्था है। आपका विवाह वैधानिक है। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट में हमारी संस्था इस विवाह को लेकर क्लेम करेगी। पल्लवी ने आगे कहा- जिस व्यक्ति ने मेरे विवाह को गलत बताया है, मैं उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी। उसने मेरी अस्मिता भंग की है। बिना सोचे समझे संस्था की छवि खराब की है। मेरी और दीपक जी की शादी मेरे माता-पिता, भाई-भाभी और उनके परिवारजन के सामने हुई है। उधर, पल्लवी से शादी के बाद चर्चा में आए दीपक जोशी से बीजेपी ने दूरी बना ली है। पार्टी ने कहा है कि दीपक की वापसी नहीं हुई है। वे पार्टी के प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं।

एक विधायक ने प्रेस से कहा है कि नम्रता जोशी ब्लैकमेलर है। वह लोगों को ब्लैकमेल करती है। उसने उनको भी बहुत ज्यादा प्रताड़ित किया है। हो सकता है कि उसने हमारे पति को ब्लैकमेल और प्रताड़ित किया हो। मुझे अपने पति की चिंता हो रही है कि उनकी जान सुरक्षित रहे। वे जहां भी हों, सुरक्षित हों। मैं लोगों से निवेदन करती हूं कि मेरे पति को सामने लेकर आओ।



यह मामला 4 दिसंबर 2025 को तब सार्वजनिक हुआ, जब महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव पल्लवी राज सक्सेना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें दीपक जोशी उनकी मांग में सिंदूर भरते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के सामने आते ही यह विवाद सिर्फ एक शादी तक सीमित नहीं रहा। दो और महिलाएं, नम्रता जोशी और शिखा जोशी ने भी दीपक जोशी की पत्नी होने का दावा ठोंक दिया। जिससे यह सवाल खड़ा हो गया कि आखिर दीपक जोशी की वास्तविक पत्नी कौन है?

### भाजपा ने कहा- दीपक जोशी की पार्टी में वापसी नहीं हुई

दीपक जोशी ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में मंच से भाजपा में वापसी का ऐलान किया था। दीपक जोशी ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में मंच से भाजपा में वापसी का ऐलान किया था। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव पल्लवी राज सक्सेना से 4 दिसंबर को शादी के बाद चर्चा में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी से भाजपा ने दूरी बना ली है। भाजपा संगठन ने कहा है कि दीपक जोशी की पार्टी में वापसी नहीं हुई है। वे प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं। दीपक जोशी ने 6 मई 2023 को भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था। इसके बाद उन्होंने देवास जिले की खातेगांव विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। चुनाव हारने के बाद बुधनी विधानसभा उपचुनाव के दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में मंच से भाजपा में घर वापसी का ऐलान किया था। अब बीजेपी ने दीपक की शादियों को लेकर विवाद के बीच देवास के भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री व कार्यालय प्रभारी रहे भगवानदास सबनानी ने कहा कि दीपक की बीजेपी में वापसी नहीं हुई है।

## अरे ओ भिया..!




**इंदौर** ● क्या हमारी जान की कीमत अब 'दो मिनट' से भी कम रह गई है? इंदौर की सड़कों पर प्रतिदिन दी जा रही है मौत को दावत। यह लापरवाही नहीं बल्कि हमारी मानसिक विकलांगता जनित 'आत्महत्या' है। अभी भी समय है संभल जाइये, क्योंकि सड़क पर बहा खून किसी आंकड़े का हिस्सा नहीं, किसी के घर का उजड़ा हुआ भविष्य होता है। व्यवस्था पर उंगली उठाने से पहले, अपनी 'आत्मघाती जल्दबाजी' को भी देखिए।' चित्र : इंद्रप्रस्थ चौराहा, 26 दिसंबर 2025 रात्रि 8 बजे।

साभार - राजकुमार जैन

# राज्य स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड मानक की संभागीय बैठक संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक -2025 राज्य स्तरीय आयोजन के सफल संचालन हेतु आज जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन लोक शिक्षण इंदौर श्रीमती अनीता चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए गठित विभिन्न समितियों के प्रभारी और सदस्य उपस्थित थे। राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रचार - प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार ने बताया कि 28 एवं 29 दिसंबर को दो दिवसीय इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों के प्रभारी एवं सदस्यों की आज गुजराती स्कूल में बैठक रखी गई थी। जिसमें जेडी श्रीमती



अनीता चौहान एवं नोडल अधिकारी प्राचार्य आर के चेलानी ने समिति के कार्य विभाजन एवं आयोजन को लेकर बिंदुवार चर्चा की। इंदौर की मेजबानी में इस राज्य स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड के आयोजन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से 300 छात्र - छात्राएं एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक सहभागिता करेंगे। आयोजन के लिए आवास, भोजन, परिवहन, कण्ट्रोल, रजिस्ट्रेशन, मंच व्यवस्था, प्रचार - प्रसार आदि समितियों का विभागीय स्तर पर गठन किया गया है। बैठक में प्राचार्य श्री अरुण मित्तल, भूषण सराफ, भूपेंद्र सोलंकी, राजीव जैन, अजय गड़करी, प्रकाश सिरवलकर, सपना हुमड़, रेणु पटवा, भावना जोशी, सीमा जैन, रजत रोज़, अनामिका जैन, रश्मि यादव आदि उपस्थित थे।

## वीर बाल दिवस मन कर साहबजादे को याद किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आज 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर सांवेर नगर कै शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मे साहबजादे के चित्र पर माल्यार्पण कर सदा सुमन अर्पित किऐ, वक्ताओं द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला व बच्चों को काफी और पेन वितरित किया दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों ने अल्पायु में ही धर्म और सत्य की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह युगों-युगों तक देश और समाज को कर्तव्य, साहस और त्याग के पथ पर अग्रसर करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, मडल अध्यक्ष तूफान सिंह पवार, जिला मीडिया प्रभारी विनोद चांदनी, जिला मंत्री लोकेंद्र सिंह पवार, मोर्चा जिला महामंत्री सतीश बोडिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष जीतू राज राठौड़, नगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत, पार्षद जयदीप राय, दशरथ गोड, घनश्याम शर्मा, बिके हारोड़, कार्यक्रम प्रभारी अमित लोबानिया सहित स्कूल के शिक्षक गण उपस्थितरहे।

## 28 दिसंबर को सरजू पारी ब्राह्मण समाज द्वारा 15वां सनातनी परिचय सम्मेलन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सरयू पारिन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष निर्मल दुबे सचिव पंकज पांडे ने बताया कि सरजू पारी ब्राह्मण समाज द्वारा 15 वर्ष है परिचय सम्मेलन का इस वर्ष समाज द्वारा सनातनी तरीके से सभी कार्यकर्ता धोती कुर्ता और गमछा पहनेगी वही मातृ शक्तियों द्वारा एक जैसी साड़ियां पहन कर समाज की एकता का प्रदर्शन करेंगे साथ ही सीताराम जी के विवाह के पूर्व पुष्प वाटिका में भेंट हुआ था उसी तर्ज पर समाज के बच्चों के लिए पुष्प वाटिका बनाई जा रही है यह भी अपना परिचय देंगे उसके पश्चात मंदिर परिसर में मां पार्वती की आराधना के लिए जय जय गिरिराज किशोरी जैसी चौपाइयां भी लिखी गई है सम्मेलन प्रभारी गौतम तिवारी और श्रीमती इंदु पांडे ने बताया कि समाज के उच्च शिक्षित युवक एवं युवती उत्तर प्रदेश गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न प्रदेशों से और साथ ही कुछ युवक युवतियों के बायोडाटा विदेश से भी प्राप्त हुए हैं।

# शिशु नगरी में शिशुओं ने बसाई शिक्षा, कला, विज्ञान, की नगरी मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ स्वादिष्ट सराफा चौपाटी भी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शिशु नगरी में नन्हें नौ निहालो ने आधुनिक विद्यालयों की दुष्कर - क्लिष्ट शिक्षा पद्धति से हटकर किस तरह सरस्वती शिशु मंदिरों में किस तरह शिक्षा का सहज सरलीकरण कर शिक्षा पद्धति क्रियान्वित की जा रही है जिससे बाल सुलभ, कोमल मस्तिष्क में ज्ञान - विज्ञान की समझ विकसित हो जाती है खेल खेल में देखने समझने का अवसर था। सरस्वती शिशु मंदिरों के 10 विभागों के 250 से अधिक छात्र



शिशुओं ने माणिक बाग ष्ट्क्स्ष्व इंदौर परिसर में 25 दिसंबर को आयोजित उत्सव में अपने नृत्य, कला और कौशल के रंग बिखेरे अपने विरले अंदाज में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज खोपकर शासकीय स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य ने विद्यालय के शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कर शिशु वाटिका में किया जा रहे नवाचारों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# महिला सशक्तीकरण की मिसाल बनी अस्मिता काकाणी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्व. कान्तिलालजी काकाणी की पुत्रवधू लूनी की उद्यमी महिला अस्मिता काकाणी द्वारा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायी मिसाल हैं रतलाम जिले के लूनी ग्राम की ग्रहणी श्रीमती अस्मिता ललित काकाणी , जिन्होंने शासन की योजना से सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना का लाभ लिया इस योजना में 5 मेगा वाल्ट की सोलर प्लेट लगाई जाएगी जिससे हर माह 750000 यूनिट बिजली विभाग को दी जाएगी इससे गांव की महिला को भी रोजगार मिलेगा। आज गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री मोहन यादव के हाथों से सोलर प्लांट की भूमि आवंटित का लेटर ग्वालियर में प्राप्त किया ।

## लव जिहाद के आरोपी के परिजनों दी पीड़िता को खुली धमकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • बहुचर्चित लव जिहाद मामले में एक बार फिर सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है। ड्रीम ओलंपिक शूटिंग रेंज के संचालक और दुष्कर्म व धर्मांतरण के आरोपी के परिजनों पर पीड़िता को कोर्ट में बयान बदलने के लिए धमकाने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता ने एमजी रोड थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उसके द्वारा पूर्व में अन्नपूर्णा थाने में मोहसिन खान के खिलाफ दुष्कर्म एवं धर्मांतरण का प्रकरण दर्ज कराया गया था। उसी मामले में वह 26 दिसंबर को न्यायालय में अपने बयान दर्ज कराने पहुंची थी। इस दौरान कोर्ट परिसर में आरोपी के भाई, भाभी और उसके कुछ दोस्तों ने उससे संपर्क कर बयान बदलने का दबाव बनाया। पीड़िता के अनुसार जब उसने साफ तौर पर बयान बदलने से इनकार किया, तो आरोपी पक्ष के लोग बौखला गए। उन्होंने न केवल उसे गंदी-गंदी गालियां दीं, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि यदि उसने बयान नहीं बदला तो उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया जाएगा।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### डिजिटल दौर में पन्ने पलटने की तैयारी, उत्तर प्रदेश के स्कूलों में अखबार पढ़ना अनिवार्य; क्या मोबाइल से किताबों की ओर लौटेंगे बच्चे?

पढ़ने की संस्कृति व्यक्ति के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाती है। इससे हमारे जेहन में शब्दों के संग्रहण का विस्तार होता है, आलोचनात्मक सोच विकसित होती है और रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता को बढ़ावा मिलता है, जो हमें समाज में एक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण नागरिक बनता है। मगर आज के डिजिटल तकनीक के दौर में खासकर बच्चे और युवाओं की अंगुलियां पुस्तक के पन्नों को पलटने के बजाय मोबाइल फोन और लैपटाप पर ही चलने लगी हैं। यह वास्तव में चिंता का विषय है। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों में पढ़ने की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी के प्रमुख समाचार पत्र उपलब्ध कराने तथा सुबह की प्रार्थना सभा में कम से कम दस मिनट का समय विद्यार्थियों द्वारा इन्हें पढ़ने के लिए निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष जून में सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों के समाचार पत्र पाठ की व्यवस्था लागू की गई थी। इस पहल को अब उत्तर प्रदेश सरकार ने आगे बढ़ाया है। इसके तहत विद्यार्थी प्रतिदिन राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और खेल समाचारों के साथ-साथ प्रमुख संपादकीय भी पढ़ेंगे। साथ ही विद्यार्थी अखबारों से पांच कठिन शब्द चुनकर उन्हें सूचना पट्ट पर प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे। यह व्यवस्था कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। इससे न केवल विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, शब्दावली, रचनात्मकता और संवाद कौशल विकसित होगा, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयारी करने में भी मदद मिलेगी। पढ़ने की संस्कृति अगर फिर से बच्चों की आदत में शुमार हो जाए, तो मोबाइल या लैपटाप की स्क्रीन पर जरूरत से ज्यादा समय बिताने की उनकी प्रवृत्ति भी धीरे-धीरे कम हो सकती है। मगर, यह पहल तभी सार्थक होगी, जब इसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सही मायने में धरातल पर उतारा जाएगा और इसकी निरंतरता को बनाए रखा जाएगा। इसके साथ-साथ सरकारी पुस्तकालयों में भी विद्यार्थियों की आसान पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# राहुल गाँधी विदेशों में ही क्यों भारत की निंदा करते है ?

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर होते हैं तो भारत का अपमान किए बिना नहीं रहते हैं। अपने विवादित बयानों से कभी वह खालिस्तान अलगाववादियों के जमीन तैयार कर देत हैं तो कभी चीन की वाहवाही करते हैं। इस बार उन्होंने भारत के लोकतंत्र का अपमान किया है।लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जर्मनी के बर्लिन में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ED) और सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (CBI) का इस्तेमाल कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है. भाजपा ने गांधी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए उन्हें भारत विरोधी करार दिया और उनके व्यवहार को बचकाना बताया।



इसके पहले अमेरिका यात्रा के दौरान बोस्टन यूनिवर्सिटी में भारतीय चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए समझौता करने वाला बताया। राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए इसे विदेशी भूमि पर देश का अपमान बताया। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी भूमि पर जाकर वही कर रहे हैं, जो वो कई दशकों से करते आ रहे हैं, यानि भारत की बेइज्जती और भारत का अपमान। अमेरिका में राहुल गांधी ने भारत का अपमान किया है।

इस बयान के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है कि क्या राहुल गांधी जानबूझकर विदेशी धरती पर भारत की छवि को खराब कर रहे हैं? पिछले कुछ वर्षों में राहुल गांधी ने कई बार विदेशी मंचों का इस्तेमाल भारत को लेकर विवादास्पद बयान देने के लिए किए हैं। इन बयानों पर अक्सर बीजेपी और अन्य दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मसलन, बोस्टन में उन्होंने चुनाव आयोग को लेकर जो कुछ भी कहा है, उसे उनकी 'भारत बदनाम यात्रा' कहा जा सकता है। आइए जानते हैं उन 10 मौकों के बारे में जब राहुल गांधी के विदेश में दिए गए बयानों पर देश क बदनाम करने से नहीं चुकते ।

राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 'कंप्रोमाइज्ड' है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके सिस्टम में कुछ तो 'बहुत गलत' है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए दावा किया कि दो घंटे में 65 लाख वोट जुड़ गए। उन्होंने कहा कि यह 'फिजिकली इंपॉसिबल'है।

वैसे तथ्य यह है कि चुनाव आयोग इन आरोपों का कई बार सिलसिलेवार जवाब भी दे चुका है और इन आरोपों को खारिज किया जा चुका है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी राष्ट्रीय नेता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर इस तरह के आरोप लगाने चाहिए? हर किसी को आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन आलोचना करने के तरीके से इरादे पर सवाल उठने भी लाजिमी हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि 'भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा (ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है।' दरअसल, इन चुनावों में 10 साल बाद कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में विपक्ष के नेता का पद हासिल हो पाया था, क्योंकि वह 99 सीटों पर पहुंची थी। ऐसे में राहुल पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या 2014 और 2019 में देश में जो चुनाव हुए, उसमें देश की जनता ने वोट नहीं डाला था? उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है। खासकर तब जब भारत में लगातार चुनाव होते रहे हैं और सरकारें बदलती रही हैं। बीते 10-11 वर्षों में देश में कई ऐसी सरकारें बनी हैं, जिसे बीजेपी को हराने के बाद कांग्रेस को मौका मिला है। मतलब, अगर नतीजे राहुल और उनकी पार्टी के लिए अच्छे रहें तो लोकतंत्र ठीक है और नहीं तो वह 'ब्रोकेन हो जाता है।

सितंबर 2023 में राहुल गांधी ने ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन में कहा कि भारत में 'फुल स्केल एसॉल्ट'हो रहा है। उन्होंने भारतीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह जताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में भेदभाव और हिंसा बढ़ रही है। इस तरह के बयान भारत की अंदरूनी राजनीति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाते हैं। राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि भारतीय चुनाव आयोग ने ही वे चुनाव संपन्न करवाए हैं, जिनके दम पर वह आज विपक्ष के नेता पद पर बैठे हुए हैं। उनके परिवार के तीन-तीन सदस्य इन्हीं चुनावी प्रक्रियाओं का सहारा लेकर संसद में मौजूद हैं। यहीं की संवैधानिक संस्थाओं ने उन्हें इतनी राहत दी हुई है कि नेशनल हेराल्ड केस में गंभीर आरोपों के बावजूद वो और उनका मां सोनिया गांधी को जमानत मिली हुई है।

मई 2022 में लंदन में 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि भारत की संस्थाएं 'परजीवी' बन गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'डीप स्टेट' (ष्ठद्गद्गश्च, ह्यह्लड्डह्लद्ग) भारत को चबा रहा है। यहां 'डीप स्टेट' का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने भारत की तुलना पाकिस्तान जैसे अस्थिर लोकतंत्र से भी कर दी।

अगस्त 2018 में यूके और जर्मनी में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कहा कि वे 'देशभक्त नहीं' हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे जनता के गुस्से का इस्तेमाल देश को नुकसान पहुंचाने में कर रहे हैं। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के एक चुने हुए प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप था। इसे विदेशी मंच पर कहना स्वाभाविक रूप से विवाद पैदा करने वाला रहा।

मार्च 2018 में मलेशिया में राहुल गांधी ने नोटबंदी को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री होते तो इस प्रस्ताव को 'कूड़ेदान में फेंक देते'। राहुल गांधी ने कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री होते तो वह ऐसा नहीं करते। देश के आर्थिक फैसलों का इस तरह विदेश में मजाक बनाना भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा सकता है।

2018 में ही सिंगापुर में ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में 'डर और नफरत' का माहौल है। उन्होंने कहा कि बहुलता की विचारधारा खतरे में है। बहुलता का मतलब है कि अलग-अलग तरह के लोग एक साथ शांति से रहें। राहुल गांधी ने कहा कि यह चीज खतरे में है। उनका यह बयान भारत की लोकतांत्रिक छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खराब करने वाला था।

जनवरी 2018 में बहरीन में ह्रञ्जह्रढ्ढ सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि सरकार बेरोजगारी से निपटने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि इसका असर सड़कों पर गुस्से और नफरत के रूप में दिख रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह समुदायों के बीच नफरत फैलाने में जुटी है। राहुल गांधी ने कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही इस तरह का बयान दिया था। उन्होंने ऐसे मंच पर यह बयान दिया, जिससे भारत को आर्थिक नुकसान होने की आशंका थी।

सितंबर 2017 में अमेरिका के बर्कले स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ टॉप 100 कंपनियों के लिए काम कर रही है। उन्होंने 'अहिंसा' के विचार के खतरे में होने की बात भी की। विदेशी शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे बयान देना भारत की नीतियों को गलत तरीके से पेश करता है। अमेरिका की धरती पर इस तरह के बयान से भारत के हित के प्रभावित होने की आशंका थी, लेकिन राहुल को जो मन में आया बोल आए।2017 में ही अमेरिका में राहुल गांधी ने कहा कि भारत अब वह नहीं रहा जहां हर कोई कुछ भी कह सकता है। उन्होंने विदेश की धरती पर भारत में 'फ्री स्पीच'की स्थिति पर संदेह पैदा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत में सहनशीलता खत्म हो गई है। जबकि, हकीकत ये है कि राहुल गांधी संसद से लेकर बाहर तक जब जो जी में आता है, बयान देते रहे हैं और सरकार को छोड़ दें, शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची हो, जिसपर उन्होंने निशाना न साधा हो। राहुल गांधी का यह तर्क रहा है कि वे भारत की 'असली तस्वीर' दुनिया के सामने रख रहे हैं। लेकिन, आलोचना और बदनामी में एक बारीक फर्क होता है। एक राष्ट्रीय नेता को यह समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिए गए बयान सिर्फ घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे भारत की छवि, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी असर डालते हैं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक
एवं टिप्पणीकारगोंदिया, महाराष्ट्र

## आंचलिक

# नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट मंदिरों और पार्टियों में सतर्कता बरते -एडीजी

### उज्जैन, देवास, आगर, शाजापुर, रतलाम, नीमच की भीड़भाड़ वाले इलाकों में चेकिंग-पुलिस बल तैनाती के आदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन और आसपास के संभाग के जिलों में नव वर्ष पर होने वाली भीड़ को देखते हुए नववर्ष को लेकर एडीजी व डीआईजी ने सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उज्जैन जोन के ADG उमेश जोगा तथा ष्ठढ्ढत्र नवनीत भसीन द्वारा उज्जैन रेंज के जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर एवं आगर मालवा की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गई।

आगामी नववर्ष 2026 के अवसर पर मंदिरों, पिकनिक स्पॉट, बाजार मॉल पार्क आदि भीड़भाड़ वाली जगह पर सतर्कता बरतने और शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ADG ने जिले के सभी एसपी को निर्देशित कर सतर्क रहने के निर्देश दिए है।ADG उमेश जोगा ने खासकर लेट नाइट पार्टी , नव वर्ष पर मंदिरों में लगने वाली भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए है।

- संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत एवं सघन पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार फिक्स पिकेट/प्वाइंट लगाए जाएं।
- सार्वजनिक स्थलों जैसे होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट, ढाबा, बाजार, पार्क, मॉल एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस की प्रभावी तैनाती की जाए।
- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, मॉल एवं बाजार क्षेत्रों में एंटी-सैबोटाज चेकिंग कराई जाए।
- यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए तथा नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से सघन जांच की जाए।
- नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने एवं अन्य अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखते हुए साक्ष्य अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



- पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। नदी, डैम एवं जलाशयों के समीप स्थित पिकनिक स्थलों पर मोटर बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- छात्रावासों में जाकर संबंधित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नववर्ष के अवसर पर सुरक्षा, अनुशासन एवं कानून पालन के संबंध में आवश्यक समझाइश एवं मार्गदर्शन दिया जाए।
- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके और किसी परिवार को शोकग्रस्त न होना पड़े।
- किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई की जाए।
- नववर्ष के आयोजनों के दौरान ध्वनि प्रदूषण न हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# खंडवा में 10.5 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार, बड़वानी के दो आरोपी कार से कर रहे थे तस्करी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● थाना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो 448 किलो गांजा के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 5 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया हैं। इस दौरान पुलिस टीम तस्करी के नेटवर्क की पड़ताल करेगी।आरोपियों की पहचान सखाराम चौहान (35) और संदीप तिरोले (19) के रूप में हुई है, जो बड़वानी जिले के निवासी हैं। पुलिस ने उनकी स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त कर ली है, जिसकी कीमत 8 लाख रुपए है। जब्त साढ़े 10 किलो गांजा का बाजार मूल्य भी करीब एक लाख रुपए हैं। टीआई प्रवीण आर्य का कहना है कि, आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया गया हैं।




### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

खंडवा पुलिस ने शुक्रवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने उनसे 7900 रुपए का समन शुल्क वसूल किया है।

### असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

पुलिस ने शुक्रवार को 9 असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। धारा 126/135 क्चहृस्स के तहत 4 प्रकरणों में 6 आरोपियों के खिलाफ और धारा 170 क्चहृस्स के तहत 3 प्रकरणों में 3 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# जिले में 69 प्रसव केंद्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील करें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले में 69 प्रसव केंद्र होने से सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रसव केंद्र के रूप में क्रियाशील किए जाए। सिकल सेल पॉजिटिव गर्भवती माताओं की डिलीवरी डेट तय कर समय पर संस्थागत प्रसव और उपचार सुनिश्चित करें। यह बात कलेक्टर भव्या मित्तल ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति एवं रोगी कल्याण समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कही। गर्भवती माताओं के पंजीयन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन, टीबी मुक्त भारत अभियान और सिकल सेल जांच की प्रगति पर समीक्षा की।

गर्भवतियों के पंजीयन में बड़वाह ब्लॉक की उपलब्धि की सराहना की, जबकि भगवानपुरा, खरगोन शहरी और गोगावां में कम प्रगति पर अगले माह तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी और डीबीटी कार्यों को समय पर पूरा कराने के लिए बीएमओ, सीडीपीओ और जनपद सीईओ को आशा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर काम में तेजी लाने को कहा।

हाई रिस्क गर्भवती माताओं के उपचार और सीवियर एनीमिया मामलों में समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने के निर्देश दिए। थानों से समन्वय कर मेडलेपर पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की 90 प्रतिशत से अधिक एंट्री कराने और डॉक्टर-वाइज सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। टीबी मुक्त भारत अभियान में निक्षय स्क्रीनिंग बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण फूड बास्केट वितरण पर विशेष जोर दिया। जिला अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में रोडेंट कंट्रोल, ड्रेनेज, स्ट्रेचर, लिफ्ट और फायर स्प्रिंकलर जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।

# खेलों से तनाव होता है दूर, हार -जीत से ऊपर है सहभागिता- बालकृष्ण पाटीदार



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित तृतीय वार्षिक जिला स्तरीय महिला-पुरुष टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 के मैदान पर हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने विभागीय ध्वज फहराकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त इकबाल हुसैन आदिल ने की। प्रतियोगिता में जिले के आठ विकासखंडों सहित जिला कार्यालय की 9 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर सभी टीमों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। इस मौके पर विधायक पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। खेलों से मानसिक तनाव कम होता है और हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना है। यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर तक चलेगी।

इनके बीच हुआ मुकाबला पुरुष वर्ग में पहले मैच में झिरन्या टीम ने भगवानपुर को 6 विकेट से हराया, दूसरे मैच में खरगोन ने महेश्वर को 21 रन से हराया। तीसरा मैच में झिरन्या ने महेश्वर टीम को 4 विकेट से हराया। इस प्रकार महिला वर्ग में खरगोन ब्लॉक टीम ने भीकनगांव को 5 रन से हराया। दूसरे मैच में खरगोन ने गुड़गांव को 8 विकेट से हराया।

# वैष्णवी, खुशी, रुद्र, काव्यांश ने जीते पदक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • वैष्णवी पुनासिया, खुशी पुनासिया, रुद्र पाटिल, काव्यांश राठौर, आराध्या रघुवंशी ने अटल खेल महोत्सव के तहत आयोजित ताइक्वांडो स्पर्धा में पदकीय सफलता हासिल की। मां कनकेश्वरी क्लब व अटल स्पोर्ट्स वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अटल खेल परिसर पर आयोजित ताइक्वांडो स्पर्धा के टीम मुकाबलों में प्रथम विद्या विजय क्लब, द्वितीय अटल खेल क्लब तथा तृतीय इंदौर फाईटिंग क्लब रहा।

स्पर्धा संयोजक अंकित यादव ने बताया कि व्यक्तिगत वर्ग में वैष्णवी पुनासिया, खुशी पुनासिया, रुद्र पाटिल, काव्यांश राठौर, आराध्या रघुवंशी, वैभव बागुल, महत्व खंडेलवाल, दिवंशी जह, प्रियल जरिया, संस्कृति शर्मा, नव्य तिवारी, अंशुमान शिल्पकार, आरव शिवास, अथर्व राव ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्गों में सफलता अर्जित की।

ताइक्वांडो स्पर्धा का संचालन विश्वामित्र अवार्डी वीरेंद्र पंवार, हिमांशी यादव, जयंती राठौड़, सोनाली मिश्रा, अंश परमार, धनंजय कटारे, गौरव सिकरवार, कृतिक घुसाईवाल, रश्मि कौशल ने किया। बैडमिंटन स्पर्धा के विभिन्न वर्गों में खुशी शर्मा, अधिराज शर्मा, सुरभि त्रिपाठी, प्रज्ञा श्रीवास्तव, रूद्र प्रताप सिंह, ध्रुविश ने सफलता हासिल की। मैचों के दौरान गंगा पांडे, नवीन लोदा, गुड्डा यादव, पिंटू चौधरी, रोहित चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



## इरफान पठान ने सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया

**मुंबई (एजेंसी)** •भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने आईपीएल 2026 के लिए की लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाजी को कमजोर बताया है। पठान ने कहा कि जिस प्रकार से टीम ने मिनी नीलामी में खरीददारी की है। उसमें भी उसने गेंदबाजी पर ही जोर दिया। इससे उसके पास अच्छे गेंदबाज तो काफी हो गये हैं पर अच्छे बल्लेबाजों की उसे कमी है। की जरूरत है। पठान ने कहा टीम के पासा एनरिक नॉर्टजे जैसा तेज गेंदबाज और वानिन्दु हसरंगा जैस स्पिनर है। उसके पास तेज गेंदबाजी सहित सभी क्षेतों में अच्छे विकल्प हैं पर बल्लेबाजों की कमी नजर आती है। पठान ने कहा, आयुष बडोनी और अब्दुल समद के अलावा उसे एक और अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। मुझे उम्मीद थी कि वह लिविंगस्टोन जैसे किसी खिलाड़ी को खरीदेगा पर ऐसा नहीं हुआ। कुल मिलाकर टीम को अभी भी कम से कम पांच अच्छे स्तर के बल्लेबाज चाहिये। उन्होंने स्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रुपए में खरीदने पर भी सवाल उठाते हुए कह कि उसे केवल चार आईपीएल मैचों के लिए खरीदना फायदेमंद नहीं है। हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा, अगर आप सुपरजायंटस के बल्लेबाजी क्रम को देखें तो वह भी सनराइजर्स की ही तरह ही आक्रामक हैं पर उसके बल्लेबाज लंब पारियां नहीं खेल सकते। इंग्लिस अगर पूरे सत्र के लिए उपलब्ध होते तो भी फायदेमंद नहीं रहते। इसका कारण है कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं रखे गये हैं। अब्दुल समद, आयुष बडोनी, एडेन मार्करम, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, ऋषभ पंत (कप्तान), निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, शाहबाज अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, मयंक यादव, अवेश खान, मोहसिन खान, मणिमारन सिद्धार्थ, दिगवेश राठी, प्रिंस यादव, आकाश सिंह।

## अय्यर ने शुरु किया बल्लेबाजी अभ्यास

**मुंबई (एजेंसी)** • मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी की संभावना बन रहे हैं। श्रेयस अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में आंतों पर लगी चोट से उबरते दिख रहे हैं।



उन्होंगे बल्लेबाजी अभ्यास भी शुरु कर दिया है जिसमें उन्हें कोई परेशानी नहीं आयी है। अय्यर को ऑस्ट्रेलिया दौर के तीसरे मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है पर अब वह ठीक हैं हालांकि अभी वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में ही बने रहेंगे उन्होंने जिम में भी फिटनेस के लिए व्यायाम शुरु कर दिये हैं। चोट के बाद के सभी एक्स-रे उनके ठीक आये हैं। उनकी टीम में वापसी फिटनेस पर आधारित रहेगी। भारतीय टीम को अगले माह से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 एकदिवसीय और 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। अगर वह तब तक फिट हो गये तो एकदिवसीय सीरीज में खेल सकेंगे। वह मध्यक्रम के एक भरोसेमंद बल्लेबाज हैं ऐसे मे उनकी वापसी टीम के लिए फायदेमंद रहेगी।

# फिल्म 'जेलर 2' में कैमियो करेंगे शाहरुख

**मुंबई (एजेंसी)** • शाहरुख खान, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर 2 में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत की फिल्म जेलर 2023 में रिलीज हुई। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म ने रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया था। इसके राइटर-डायरेक्टर नेल्सन दिलीप कुमार थे। सन पिक्चर्स के बैनर तले कलानिधि मारन द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत एक सेवानिवृत्त जेलर की भूमिका में थे, जो अपने परिवार को धमकाने वाले एक सनकी मूर्ति तस्कर को पकडने के लिए निकल पड़ते हैं। रजनीकांत अब नेल्सन दिलीप कुमार की मोस्ट अवटेड फिल्म जेलर 2 में काम कर रहे हैं। जेलर 2 में शाहरुख खान की एंट्री होने की खबरें सामने आ रही है। चर्चा है कि शाहरुख खान, फिल्म जेलर 2 में कैमियो करते नजर आ सकते हैं।








# सफलता के लिए करिश्मा को करना पडा कठिन संघर्ष

**मुंबई (एजेंसी)** • टीवी और फिल्मों की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाली करिश्मा तन्ना को कठिन संघर्ष से गुजरना पडा। अभिनेत्रियों के लिए यहां अपनी जगह बनाना आसान नहीं होता। रंग, रूप, कद-काठी और उम्र जैसे पैमानों पर बार-बार परखा जाना आम बात है। अपनी लंबी हाइट की वजह से उन्हें कई टीवी सीरियल्स में रिजेक्शन झेलना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। कॉलेज के दिनों में दोस्तों के कहने पर उन्होंने एक फोटोग्राफी सेशन में हिस्सा लिया। दोस्तों ने उनकी तस्वीरें अलग-अलग जगह भेज दीं और यहीं से उनकी जिंदगी ने नया मोड़ ले लिया। फोटोशूट और मॉडलिंग के ऑफर्स आने लगे और इसी दौरान उन्हें बालाजी टेलीफिल्म्स से फोन आया। खास बात यह रही कि सिर्फ एक कॉल के जरिए ही करिश्मा को उनका पहला टीवी शो मिल गया और पहली ही कोशिश में उनका चयन हो गया। करिश्मा तन्ना ने टीवी पर पहचान 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से बनाई। इसके बाद वह साल 2003 में 'कोई दिल में है' में नजर आईं। साल 2005 में 'एक लड़की अंजानी सी' में उन्होंने निगेटिव रोल निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद 'प्यार के दो नाम: एक राधा, एक श्याम' जैसे शोज का हिस्सा रहीं।

# उज्जैन संभाग

## जेल से कैदी फरार मामले में एक्शन, 3 अधिकारी सस्पेंड, डीजी जेल ने किया दौरा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •नागदा के खाचरोद जेल से कैदियों के फरार होने की घटना के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। मध्य प्रदेश के डीजी जेल वरुण कपूर शुक्रवार को खाचरोद जेल पहुंचे। उनके दौरे के बाद दो जेलर और एक जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया गया। वर्तमान खाचरोद जेल प्रभारी नवीन नीमा को भी सस्पेंड किया गया है। नीमा के पास खाचरोद जेल का अतिरिक्त प्रभार था। वे शुक्रवार को नए जेलर को चार्ज सौंपकर उज्जैन में पदभार ग्रहण करने वाले थे। नीमच जेल के जेलर का भी खाचरोद जेल में तबादला किया गया था, लेकिन उन्होंने अब तक चार्ज नहीं लिया था। गुरुवार को कैदियों के फरार होने की घटना सामने आने के बाद उन्हें भी निलंबित कर दिया गया। वे शुक्रवार को ही खाचरोद जेल का चार्ज लेने वाले थे। इस अवसर पर डीजी जेल वरुण कपूर ने बताया कि मध्य प्रदेश की सभी जेलों में ऑडिट कराया जाएगा। इस ऑडिट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेल परिसरों में ऐसी कोई वस्तु मौजूद न हो, जो कैदियों को जेल तोड़ने या भागने में सहायता कर सके। कपूर ने कहा कि पहले भी ऑडिट होते रहे हैं, लेकिन अब इस प्रक्रिया को और सख्त तथा प्रभावी बनाया जाएगा।

उज्जैन जिले की खाचरोद उपजेल से गुरुवार शाम 7 बजे तीन कैदी फरार हो गए। फरार हुए कैदियों में दो बलात्कार के आरोपी और एक हत्या के मामले में बंद कैदी शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और जेल प्रशासन हरकत में आ गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## संतोषी माता मंदिर में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, बिना खटाई के 173 पकवानों का लगा महाभोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •संतोषी माता मंदिर में 173 बिना खटाई के व्यंजन का भोग लगाया गया। आरती के बाद गोल्डन बुक की टीम ने काउंटिंग कर संतोषी माता मंदिर के नाम पर रिकॉर्ड दर्ज होने की घोषणा की। जिसके बाद आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। सुबह से 156 भोग लगाने की बात थी लेकिन शाम होते होते बिना खटाई के 173 व्यंजनों का भोग संतोषी माता मंदिर में लगाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पुरी गोस्वामी ने बताया कि संतोषी माता को प्रसन्न करने



के लिए खटाई रहित भोग अर्पित करने की परंपरा है। हालांकि, यह पहली बार है। जब इतनी बड़ी संख्या में 156 व्यंजन तैयार कर माता को अर्पित किए गए। शाम को आरती के समय महाभोग शुद्धता, श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ चढ़ाया गया।

इसके बाद भोज महाप्रसादी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण पहुंचे। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित 84 महादेवों में से एक प्राचीन श्री अगस्त्येश्वर महादेव को भी महाभोग अर्पित किया गया। संतोषी माता और श्री अगस्त्येश्वर महादेव का दिव्य एवं आकर्षक शृंगार किया गया।

## महाकाल मंदिर में आस्था और दान दोनों में उछाल एक साल में 13 करोड़ से अधिक के आभूषण मिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और दान दोनों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। देश-विदेश से आने वाले भक्त अब पहले से कहीं अधिक संख्या में भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे हैं और दिल खोलकर दान भी कर रहे हैं। महाकाल लोक बनने से पहले मंदिर में प्रतिदिन 40 से 50 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर रोजाना करीब डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं तक पहुंच गई है। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु सोना-चांदी के साथ-साथ नगदी भी दान कर रहे हैं।

महाकाल मंदिर में बीते 11 महीनों में 5.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इस दौरान भक्तों ने करीब 13 करोड़ रुपए मूल्य का सोना-चांदी दान किया है, जबकि नकद दान के रूप में 43 करोड़ 43 लाख रुपए मंदिर समिति को प्राप्त हुए हैं।

इस वर्ष 1 जनवरी से 15 दिसंबर तक कुल 5.5 करोड़ श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगी दान पेटियों से महाकाल मंदिर समिति को 43 करोड़ 43 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ है। वहीं शीघ्र दर्शन व्यवस्था से मंदिर समिति को करीब 64 करोड़ 50 लाख रुपए की आय हुई है।

पिछले वर्ष 2024 में भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को कुल 92 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस वर्ष, पिछले साल की तुलना में करीब 15 करोड़ रुपए अधिक दान भगवान महाकाल को प्राप्त हुआ है। इस बार भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को 11 माह 15 दिन में 107 करोड़ 93 लाख रुपए की आय हुई है। अभी 15 दिन शेष हैं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के महाकाल मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। महाकाल मंदिर में अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय जैसे भस्म आरती बुकिंग,अभिषेक पूजन की आय, अन्न क्षेत्र से आय, धर्मशाला बुकिंग आय,फोटोग्राफी मासिक शुल्क आय, भांग एवं ध्वजा बुकिंग से आय,उज्जैन दर्शन बस सेवा से होने वाली आय शामिल नहीं।

## बांग्लादेशी प्रमुख का हुआ पुतला दहन, अल्पसंख्यक की हत्या के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश प्रमुख यूनुस खान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के युवक दीपू दास की कथित निर्मम हत्या के विरोध में आगर मालवा के छावनी चौराहा पर आयोजित किया गया था। शुक्रवार शाम को हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं, लेकिन वहां की सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने दीपू दास की हत्या को इसी श्रृंखला का हिस्सा बताया और कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है।

छावनी चौराहा पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने 'अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद करो', 'हिंदुओं की सुरक्षा करो' और 'बांग्लादेश सरकार होश में आओ' जैसे नारे लगाए। पुतला दहन के दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी के कारण स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले नहीं रुके तो उनका आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की कि वह कूटनीतिक स्तर पर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि वहां अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## महंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पंचदशनाम जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार उनके सोशल मीडिया (वॉट्सएप) पर किसी अज्ञात ने धमकी देकर मुसलमानों के खिलाफ बोलने और हिन्दू धर्म का प्रचार करने के आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। संत ने पुलिस और साइबर में शिकायत दर्ज करवा कर सीएम डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कार्रवाई का आग्रह किया है। वाराणसी हनुमान घाट श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े से संबंध रखने वाले तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर जूना अखाड़े के महंत मोहन भारती के मोबाइल पर धमकी भरे मैसेज आए। मैसेज में मुसलमानों के खिलाफ बोलने और शिवरात्रि के कार्यक्रम को लेकर धमकी दी गई है। 'मोहन भारती तुम कितने बड़े बाबा हो हिन्दुओं के, तुम जब से जूना अखाड़े के अध्यक्ष बने हो मुसलमानों के लिए बहुत उल्टा-सीधा बोलते हो। हमें पता है तुम आरएसएस बीजेपी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिट्ठू हो, उनके कहने से तुम सब यह कर रहे हो। तुम जब से मप्र उज्जैन क्षेत्र में आए हो, बहुत बोलते हो, हमारी बिरादरी के बारे में तुमने, हमारे बारे में बोलकर अपनी मौत को दावत दी है।

## गर्दन में फंसा रहा चाकू, 45 किमी तक किया सफर, बदमाशों ने नाबालिग पर किया था हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन से करीब 45 किमी दूर महिदपुर में मामूली टक्कर के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक सवार तीन युवकों ने एक नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में चाकू उसकी गर्दन में फंस गया। गंभीर हालत में, गर्दन में चाकू फंसे होने की स्थिति में ही नाबालिग को इलाज के लिए उज्जैन लाया गया। पूरी घटना का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दर्जी बाखल क्षेत्र में किराना दुकान से सामान लेकर अरशान खान और उसका नाबालिग दोस्त घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक उनसे टकरा गई। नाबालिग द्वारा सावधानी से चलाने की बात कहने पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान बाइक सवार युवकों ने नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। चाकू उसकी गर्दन में ही फंसा रह गया। घायल को पहले महिदपुर अस्पताल ले जाया गया, वहां से उज्जैन रेफर किया गया।

न्यूज ब्रीफ

### संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को संभाग नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर आयुक्त तरूण भटनागर, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना एम. लोवंशी, नगर तथा ग्राम निवेश इंदौर के सहायक संचालक सारंग गुप्ता, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग के उप पंजीयक श्री श्याम नारायण शुक्ला एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में संभाग के भूमि आवंटन करने के संबंध में चर्चा हुई। कुल 6 प्रकरणों पर चर्चा हुई, जिसमें से 4 प्रकरणों में अनुशंसा की गई। इसके अलावा इंदौर एवं खंडवा के एक-एक प्रकरण में कमियां पायी जाने पर उनको नजूल निर्वर्तन नियम के अनुसार पूर्णत: करने के लिए उनको वापस भेजा गया।

### गंदगी के बीच गजक बनते पाए जाने पर 2 फैक्ट्रीयों को कराया बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में दल द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए आज दिनांक 26 दिसंबर 2025 को नेताजी सुभाष मार्ग इंदौर स्थित माँ दुर्गा गजक भंडार पर बड़ी कार्रवाई की गई। मौके पर मुरैना निवासी श्री मुकेश राठौर प्रतिष्ठान संचालक उपस्थित पाए गए, प्रतिष्ठान संचालक ने जानकारी दी कि वे मुरैना से यहां आए है और शीत ऋतु मे गजक, दाना पट्टी आदि का निर्माण कर छोटे गजक विक्रेताओं को सप्लाई करते है प्रतिष्ठान में गजक, मूंगफली दाना पट्टी का निर्माण किया जा रहा था।

# माहेश्वरी कॉलेज में प्रिंसिपल और प्रबंधन की खींचतान, विवाद के बाद राजीव झालानी को किया सस्पेंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के माहेश्वरी समाज के आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज में नया बखेड़ा हो गया है। यहां प्रिंसिपल और ट्रस्ट प्रबंधन के बीच महीनों से विवाद चल रहे थे। प्रबंधन ने एक के बाद एक कई नोटिस प्रिंसिपल प्रोफेसर राजीव झालानी को दिया गया था। आखिरकार इन नोटिसों के बाद अब प्रिंसिपल झालानी को सस्पेंड करने के आदेश प्रबंधन ने कर दिए हैं।



### यह कारण बताया गया

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन ने झालानी को जो सस्पेंशन आदेश भेजा है। इसमें यही कहा गया है कि आपके जरिए नोटिस के जवाब नहीं दिए गए। जवाब देने में टालमटोल की गई है। इसलिए आपको सस्पेंड किया जाता है।

### छह महीने से चल रहा है विवाद

ट्रस्ट अध्यक्ष पुरुषोत्तम पसारी और कॉलेज शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामअवतार जाजू ने इस मामले में प्रिंसिपल राजीव झालानी को नोटिस जारी किए थे। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला थाने तक गया है और साथ ही एसडीएम कोर्ट में भी केस लगाया गया है। इसकी भी सुनवाई जारी है।

### प्रबंधन ने लगाए थे बंदी बनाने के आरोप

ट्रस्ट ने 31 अक्टूबर को ही प्रिंसिपल और स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाया था। इसमें कहा था कि उन्हें बोर्ड बैठक के दौरान चार घंटे तक कहीं जाने नहीं दिया गया था। साथ ही, अशोभनीय व्यवहार किया गया था। पुलिस को मौके पर बुलाया गया और फिर वे बाहर गए थे। हमें बंधक बनाया गया था। इसके बाद ट्रस्ट ने प्रिंसिपल को नोटिस जारी किया था।

### नोटिस में बताया था ऐसी हुई घटना

पसारी ने नोटिस दिया है। इसमें कहा गया है कि 11 अक्टूबर की शाम चार बजे कॉलेज के बोर्ड कक्ष में शिक्षण समिति की बैठक हुई थी। इसमें सभी ट्रस्टी उपस्थित थे। इस दौरान कॉलेज के कर्मचारियों, सहायक प्राध्यापकों, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मीटिंग में आकर अशोभनीय व्यवहार किया था।

सभी को अपमानित किया गया था। साथ ही घेराव किया गया था। स्थिति को गंभीरता से देखते हुए पुलिस को बुलाना पड़ा था। इसके बाद सभी को आठ बजे सुरक्षित निकाला गया। यह गंभीर स्थिति है। इन सारे कृत्यों से यह पता चलता है कि कॉलेज को अपनी निजी एकल संस्था की तरह संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह अस्वीकार्य है। इस पर तीन दिन में जवाब दीजिए।

### कॉलेज अध्यक्ष जाजू के नोटिस में यह था

जाजू के जरिए झालानी को दिए गए नोटिस में कहा गया था कि 11 अक्टूबर को ट्रस्टगण की बैठक में स्टाफ ने आकर गरिमा के विपरीत व्यवहार किया गया था। मैं 77 साल का व्यक्ति हूं। साथ ही, समाज में विविध दायित्व संभालता हूं। मीटिंग में घुसकर स्टाफ ने नारे लगाए और घेराव किया था। पुलिस को बुलाना पड़ा था। फिर रात आठ बजे सुरक्षित निकले। आप अनुशासन बनाए रखने में विफल रहे हैं। इस संबंध में तीन दिन में जवाब दें।

*(इस संबंध में कई बार राजीव झालानी को फोन कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन जवाब नहीं दिया गया।)*

# प्रदेश में छात्र संघ चुनाव के लिए आंदोलन करेगी एबीवीपी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रतलाम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उनका कहना है कि 2017 से मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे।

मध्य प्रदेश में आखरी बार छात्र संघ के चुनाव 2017 में हुए थे। इसके बाद चुनाव पर रोक लगा दी गई। 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सरकार थी। उस समय के उच्च शिक्षा मंत्री और अब के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चुनाव कराने पर प्रस्ताव लाए थे। हालांकि 2023 के विधानसभा चुनाव आ जाने से यह भी प्रस्ताव टल गया। अब डॉ. मोहन यादव खुद मुख्यमंत्री हैं। इसके बाद भी छात्र संघ का चुनाव नहीं हो पा रहा है।

दर्शन कहार ने कहा कि छात्र संघ चुनाव का मुद्दा कई बार सरकार के सामने उठाया गया, लेकिन अब तक




कोई ठोस पहल नहीं की गई है। वह मानते हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नहीं चाहते कि छात्र राजनीति से कोई नेतृत्व सामने आए। वह नेतृत्व जो राज्य की राजनीति में जगह बना सके। एबीवीपी सरकार की सहयोगी संस्था जरूर है, लेकिन संगठन में लोकतंत्र सर्वोपरि है। छात्र हितों की बात उठाने में संगठन पीछे नहीं हटेगा। दर्शन कहार ने सवाल उठाया कि जब सेंट्रल यूनिवर्सिटी में चुनाव हो सकते हैं, तो फिर मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों में क्यों नहीं? उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा के कई बड़े नेता खुद एबीवीपीसे निकले हैं। ऐसे में उन्हें यह समझना चाहिए कि छात्र संघ चुनावों का आयोजन युवाओं के व्यक्तित्व विकास और लोकतांत्रिक प्रशिक्षण के लिए बेहद जरूरी है। दर्शन कहार ने यह भी कहा कि क्क्क्क जल्द ही इस मुद्दे पर संगठन स्तर पर विचार कर सरकार को ज्ञापन सौंपेगी। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो एबीवीपी आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। इस बयान के बाद प्रदेश की छात्र राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अब यह देखना होगा कि सरकार इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेती है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या मध्य प्रदेश में छात्र संघ चुनावों की वापसी हो पाएगी, या यह सिर्फ एक और राजनीतिक मुद्दा बनकर रह जाएगा। एबीवीपी की चेतावनी के बाद यह मामला प्रदेश में सुर्खियों में आ चुका है।

# अक्षय कांति बम के केक में लिखा एमएलए, एमपी और फिर सीएम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कांग्रेस से लोकसभा चुनाव में नामांकन भर फार्म वापस लेकर बीजेपी में शामिल होने वाले अक्षय कांति बम फिर चर्चा में हैं। हाल ही में बम ने अपना जन्मदिन काफी धूमधाम से मनाया। इसी दौरान उन्होंने एक तीन लेयर वाला केक भी काटा, लेकिन इस पर जो लिखा था उसने कई नेताओं को चौंका दिया।




यह तीन लेयर वाले केक में सबसे पहली लेयर पर रूरू लिखा हुआ था। इसके बाद दूसरी लेयर पर प्रदेश और फिर आखरी टाप की लेयर पर ष्टरू हुआ था। इसे राजनीतिक गलियारों मे उनकी और समर्थकों की मंशा के रूप में देखा जा रहा है। यानी वह पहले विधायक, फिर सांसद और आखिर में मध्य प्रदेश का सीएम तक बनना चाहते हैं। इस केक से संदेश गया है कि, वह विधानसभा चुनाव 2028 के दौरान विधायकी के टिकट की दावेदारी करते दिख सकते हैं। इसके पहले वह कांग्रेस में थे। तब इंदौर विधानसभा चार से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। ऐनवक्त पर टिकट कटा और राजा मंधवानी को कांग्रेस ने टिकट दे दिया। इसके कुछ ही महीने बाद कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया। लेकिन कांग्रेस नेताओं पर शोषण का आरोप लगाते हुए और हिंदुत्व, अयोध्या मंदिर की दुहाई देते हुए वह बीजेपी में शामिल हो गए। उधर कांग्रेस ने इस केक पर तंज कसा है।

# रुपए की गिरती कीमत पर मंत्री मीनाक्षी लेखी बोली- ये अर्थशास्त्र, एक सोची समझी रणनीति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● पूर्व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी शुक्रवार को इंदौर आई। वह इंदौर बीजेपी दफ्तर में वीर बाल दिवस पर हुए आयोजन में शामिल हुई। फिर मीडिया से भी चर्चा की। इस दौरान रुपए की डालर के मुकाबले घटती कीमत के साथ ही बांग्लादेश अन्य मुद्दों पर भी बात हुई। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। वहीं इस दौरान कीर्तन भी हुए और लंगर भी।

**इसलिए गिर रहा डालर के मुकाबले रुपया**-पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के समय रुपए की गिरती साख पर बीजेपी लगातार हमले करती थी। लेकिन अब तो रुपया और तेजी से गिर रहा है। इस सवाल पर लेखी ने विस्तार से बात कही। उन्होंने अर्थशास्त्र के कई सिंद्धात बताए। लेखी ने कहा कि ऐसा नहीं है मुद्रास्फिति, आयात-निर्यात, राजनीतित गोल्ड वैल्यू कई सारे तथ्य होते है। रुपए की कीमत घट रही है तो समझिए हम जो निर्यात कर रहे हैं उसका लाभ मिल रहा है। इस समय मुद्रास्फिति 5 फीसदी के नीचे है। उस समय यह 20 पाइंट से भी अधिक थी और भोजन की कीमत बढ़ रही थी। आज यह नहीं है। रुपए की कीमत एक पक्ष है लेकिन इसके साथ जो सोना है भारत में वह बढ़ा है, मुद्रस्फिति कम हुई है। तो एक सोची समझी रणनीति कह सकते हैं इसे।

**दिग्विजय सिंह जी जैसे तो खतरे में हैं**-लेखी से पूछा गया कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह कहते हैं कि बीजेपी के राज में हिंदू खतरे में आ गया है। इस पर उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंहजी जैसे तो खतरे में है ही, पक्का खतरे में है।

**बांग्लादेश के हालात पर यह बोलीं**-बांग्लादेश के हालात पर लेखी ने कहा कि सभी बाबर की सोच वाले नहीं होते। असहिष्णुता के लिए हमारे देश में कोई जगह नहीं है। सरकार भी सभी बातों की जानकारी रखते हैं और फैसले लेती है।

**जनता भी जय रामजी बोलेगी**-मनरेगा में बदलाव और गांधी के नाम हटाने पर कांग्रेस के विरोध पर डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा, पता नहीं उन्हें रामजी के नाम से क्या समस्या है। अब तो जनता उन्हें जय रामजी ही बोलेगी। बाल दिवस पर 14 नवंबर को उन्होंने कहा, कब तक एक ही परिवार को आगे बढ़ाते रहेंगे?

# जानवरों के आगे किसान बेबस खड़ी फसलें रौंद कर बिगाड़ रहे

## रात में खड़ी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**मांगलिया** ● वन्य जानवरो की क्षेत्र में बढ़ती आबादी से किसान चिंतित हैं। घोड़ारोज, हिरण, जंगली सूअर आदि के साथ ही आवारा गाये किसानों की खड़ी फसलों को रात्रि में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हतुनिया फाटा पर आसपास के खेतों में आवारा गाये खेतों में नुकसान कर जाती है, दिनभर किसान एक दूसरे के खेतों तरफ भगाते हैं। किसान अपनी फसल बचाने के लिए खेतों में इंसान शक्ल के पुतले टांग रखे, परंतु ये जानवर फिर भी झुंड़ के साथ आकर फसलों को नुक़सान कर जाते हैं। गुरान में कपिल चौधरी के खेत में खड़ी चना फसल में भारी नुक़सान कर दिया गया। किसान पवन चौधरी ने बताया कि पहले हमारे यहां यह जंगली जानवर कभी कभार इक्का-दुक्का ही नजर आते थे। अभी घोडारोज व



हिरण प्रजाति का परिवार हर साल बढ़ते ही जा रहे हैं। इसमें गिने चुने जंगली सूअर तो आलू की फसल खोदकर नुकसान कर देते हैं।

वहीं नई आबादी चापडा के किसान चिंतामन चौधरी ने बताया, जंगली जानवरों के कारण किसानों ने लाल तुवर की फसल लगाना बंद कर दिया है। यह जानवर लाल तुवर पर अधिक धावा करते हैं। किसान का कहना है कि अगर लाल तुवर बाड़े में भी लगाई है, तो वहां तक भी रात में पहुंच जाते हैं। इधर ग्राम टोडी के किसान शेरसिंह दरबार का कहना है कि हमारे यहां घोडारोज व हिरण रात्रि में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार को वन्य जानवरों से किसान को जल्द निजात दिलाना चाहिए। इसी तरह खांकरोड, रामपिपलिया, गारी पिपलिया में भी नुकसान हो रहा है।

# आबकारी घोटाला : ना ईडी में आरोपी, ना 49 करोड़ की रिकवरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एमपी में आबकारी विभाग के चर्चित 71.58 करोड़ के घोटाले में ईडी की जांच रिपोर्ट द्वारा खुलासा करने के बाद हलचल मच गई है। आबकारी विभाग में एक बार फिर से इस घोटाले की बाकी बची 49.42 करोड़ की रिकवरी की बात उठने लगी है। वहीं सवाल ईडी के चालान पर भी उठ रहे है। ईडी ने ठेकेदारों को तो आरोपी बनाया लेकिन बयानों में अधिकारियों के नाम आने के बाद भी इन्हें आरोपी नहीं बनाया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इन आबकारी अधिकारियों को कौन बचा रहा है। जिसके चलते ईडी और विभाग दोनों ही स्तर पर यह मजे मे हैं।

**ईडी में बयान ही सबूत होते हैं**- प्रिवेंशन आफ मनी लाण्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत ईडी द्वारा लिए गए बयान ही अहम होते हैं। इन्हें कोर्ट भी स्वीकार करता है। ईडी में ठेकेदारों द्वारा दिए बयान में तत्कालीन सहायक आयुक्त संजीव दुबे, जिला आबकारी अधिकारी बीएल दांगी और सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुखनंदन पाठक के नाम आए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के विविध आदेश भी है**-ईडी ने यह जांच मुख्य तौर पर रावजीबाजार थाने में हुई एफआईआर पर है। इसमें ठेकेदारों को ही आरोपी बनाया गया है। यह केस खुद आबकारी विभाग ने अगस्त 2017 में दर्ज कराया था ऐसे में अधिकारियों का नाम तो आना ही नहीं था। लेकिन इंदौर आबकारी घोटाला



सामने आने के बाद 6 अधिकारियों पर कार्रवाई हुई थी। दुबे को भी इंदौर से हटा दिया था। सुप्रीम कोर्ट के विविध केस (पवन डिबूर वर्सेस ईडी) में भी आया है कि भले ही आरोपी एफआईआर में नहीं हो लेकिन यदि इसमें लाभ पा रहा है तो वह भी आरोपी है। वहीं ईडी में आरोपियों के बयानों में साफ तौर पर आया कि यह घोटाले की राशि आबकारी अधिकारियों के पास जा रही थी।

**दोनों मुख्य आरोपी एसी दुबे के मोहरे**-इस जांच से यह सामने आया है कि यह घोटाला के मुख्य आरोपी अंश त्रिवेदी और राजू दशंवत तत्कालीन सहायक आयुक्त दुबे के ही मोहरे थे। दोनों को एक-एक कर कई शराब दुकानें आपरेट करने के लिए ठेकेदारों के जरिए मौखिक निर्देशों पर पर दी गई। दुकानें आबकारी नियमों के परे रखकर बिना लिखित करार के दी गई।

**घोटाले की राशि वसूली के नाम पर खानापूर्ति**-वित्तीय साल 2015-16, 2016-17 व 2017-18 के दौरान यह घोटाला हुआ। इसमें पहले आकलन आया कि घोटाला 41.73 करोड़ का था। लेकिन बाद में यह आंकड़ा बढ़कर 71.58 करोड़ रुपए हुआ। आबकारी विभाग ने ठेकेदारों से 22.16 करोड़ तो भरवा लिए लेकिन घोटाले के 8 साल बाद भी 49.42 करोड़ राशि अभी भी बाकी है। इसकी रिकवरी आज तक नहीं हुई। वहीं घोटाले के बाद ठेकेदारों से आननफानन में 22 करोड़ भरवाए गए जो कैश भरे गए थे ना कि बैंक के जरिए, चेक से।

ऐसे मे यह भी जांच का मुद्दा है कि यह 22 करोड़ आखिर किसने कैसे भरवा दिए। क्या इतनी राशि नकद में मौजूद थी जो भरी गई। क्या यह अधिकारियों के कहने पर ही नहीं भरवाई गई ताकि मामले को दबाया जा सके। यह सभी भी जांच के बिंदु है। वहीं बकाया 49 करोड़ की रिकवरी के लिए विभाग ने सुस्ती ओढ़ रखी है। कहने को ठेकेदारों से वसूली के लिए प्रक्रिया करने, संपत्ति कुर्क करने जैसी बात हो रही है। असल में इन ठेकेदारों के पास जो केवल मोहरे थे इतनी अचल संपत्ति ही नहीं मिली है कि इसे कुर्क किया जा सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।